हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 4 फरवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 खतरनाक रेसिंग कर आमजन की जान खतरे...




07 जनपद में शराब से बर्बाद हो रहे कई परिवार की...



## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक 5 फरवरी को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 5 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जल जीवन मिशन अन्तर्गत स्वीकृत सभी प्रगतिरत एकल नलजल प्रदाय योजनाओं और जल निगम पी.आई.यू सीहोर द्वारा क्रियान्वित की जा रही समूह नलजल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### सोमवार को पुलिस ने कुबेरेश्वर धाम के दुकानदारों को अपनी हद में रहने की दी हिदायत

# रुद्राक्ष महोत्सवः पिछले हादसों से लिया सबक आयोजन से पहले होगी धाम पर मॉक ड्रिल

### कलेक्टर ने बैठक में दिए दिशा-निर्देश, 14 से 20 फरवरी तक जुटेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन इस वर्ष कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर अत्यधिक सतर्क नजर आ रहा है। वर्ष 2025 के महोत्सव के दौरान हुई भारी अव्यवस्थाओं और आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु के बाद इस बार कलेक्टर बालागुरू के. ने सुरक्षा और प्रबंधन के लिए बेहद कड़े निर्देश जारी किए हैं।

सोमवार को कलेक्टर ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने के लिए मुख्य आयोजन से दो दिन पहले मॉक ड्रिल की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि भीड़ का दबाव बढ़ता है या कोई आपात स्थिति बनती है तो प्रशासन उससे निपटने के लिए कितना तैयार है।

बता दें 14 से 20 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को पिछले वर्ष की तरह परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए


फाइल फोटो

प्रशासन द्वारा हर बारीकी पर नजर रखी जा रही है। अव्यवस्था का सबसे बड़ा कारण बनने वाले रुद्राक्ष वितरण को प्रशासन ने पहले ही बंद करा दिया है, ताकि वितरण केंद्रों पर भगदड़ की स्थिति न बने। इसके साथ ही अमलाहा हाईवे पर यातायात को सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

#### इन बिन्दुओं पर रहेगा विशेष फोकस

घरेलू गैस सिलेंडर पर रोकः धाम परिसर की दुकानों पर कमर्शियल की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी।

खाद्य सुरक्षाः श्रद्धालुओं को मिलने वाले भोजन और खाद्य सामग्री की शुद्धता के लिए खाद्य विभाग को लगातार नमूने लेने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों की जिम्मेदारीः कलेक्टर ने एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देश दिए हैं कि वे आयोजन स्थल पर निर्माण कार्यों और अन्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की नियमित जांच करें।

#### धाम पर दुकानदारों को दी नसीहत

इधर पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार को कुबेरेश्वर धाम पर सख्ती दिखाई। दरअसल, दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों की जद से बाहर भी सामान रख लिया था, जिसकी वजह से आवागमन में श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सोमवार को पहुंचे पुलिस अमले ने दुकानदारों को सख्त अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अब दुकानदारों के बाहर सामान रखा पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खाकी को समर्पित किए जीवन के 40 साल, सेवानिवृत्त हुए 11 पुलिस योद्धाओं का एसपी ने किया सम्मान

### 38 से 43 वर्षों तक बेदाग सेवा देने वाले अधिकारियों को दी गई विदाई



**सीहोर।** पुलिस विभाग में अपनी उम्र का बड़ा हिस्सा यानी करीब 4 दशक तक देशभक्ति-जनसेवा को समर्पित करने वाले 11 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस खास मौके पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने इन अनुभवियों को पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विदाई पाने वाले अधिकारियों में कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने 43 वर्ष से अधिक समय तक पुलिस की वर्दी पहनी। मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक चैन सिंह रघुवंशी और हरेंद्र सिंह ने 43-43 साल की लंबी सेवा पूरी की। वहीं हरिनारायण वर्मा, भंवर लाल वर्मा और सुरेंद्र शर्मा ने भी 40-40 साल तक विभाग को अपनी सेवाएं दीं। एसपी ने इन सभी अधिकारियों के सेवाकाल के अनुभवों को सुना और उनके परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की।

**अनुभवों की पूंजी लेकर विदा हुए अधिकारी :** सम्मान समारोह के दौरान एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि पुलिस की नौकरी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है। इन अधिकारियों ने अपने जीवन के 38 से 40 साल समाज की सुरक्षा में लगाए हैं, जो अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने सभी के अच्छे स्वास्थ्य और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

इस अवसर पर एएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव सहित पुलिस परिवार के सदस्य और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### इन जांबाजों को मिली विदाई

43 वर्ष की सेवाः चैन सिंह रघुवंशी (डीएसपी) और हरेंद्र सिंह (एएसआई)

40 वर्ष की सेवाः हरिनारायण वर्मा (एसआई), भंवर लाल वर्मा (एएसआई) और सुरेन्द्र शर्मा (हेड कांस्टेबल)।

36-38 वर्ष की सेवाः अमृतलाल पारोचे, पुरुषोत्तम पाठक, तेजराम अहिरवार और मो. फारुख खान।

स्वैच्छिक सेवानिवृत्तिः अशोक श्रीवास्तव और परशुराम सिंह ने भी अपनी सेवाओं के बाद विभाग से विदा ली।

## इंदौर-भोपाल हाईवे पर सनसनी, साइड देने के विवाद में राजस्थान के युवकों ने मारी गोली

### पुलिस ने महज 2 घंटे में आरोपियों को जंगल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा थाना अंतर्गत इंदौर-भोपाल हाईवे पर कचनारिया जोड़ के पास मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। वाहन ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद में राजस्थान के तीन युवकों ने एक स्थानीय युवक पर पिस्टल से गोली चला दी। गोली युवक के पैर में लगी है, जिसे गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमनरी निवासी सचिन कुमार पिता मोरसिंह मेवाड़ा का हाईवे पर कार सवार युवकों से साइड देने को लेकर विवाद हो गया था। बात इतनी बड़ी कि राजस्थान के कोटा निवासी तीन युवकों ने सचिन को डराने के उद्देश्य से अपनी 32 बोर की पिस्टल निकाल ली और फायरिंग कर दी। गोली सीधे सचिन के पैर में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया।




**भाग रहे आरोपियों को पुलिस ने दबोचा :** वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए। इधर जानकारी मिलते ही प्रभारी एसडीओपी आष्टा प्रवीण चढ़ोकर एवं थाना प्रभारी आष्टा गिरिश दुबे पुलिस बल के साथ शासकीय अस्पताल आष्टा पहुंचे, जहां घायल से जानकारी प्राप्त कर तत्काल मौके पर रवाना हुए।

मुखबिर की सूचना पर वाहन उमरसिंघाई गांव में खड़ा पाया गया। तत्पश्चात पुलिस की दो टीमों द्वारा बेदाखेड़ी जंगल क्षेत्र में सर्च कर, तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की एक पिस्टल एवं 04 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से शेवी खान पिता मकदूम अहमद उम्र 23 वर्ष निवासी कोटा, शहनवाज उर्फ सोनू पिता सलीम अहमद उम्र 28 वर्ष निवासी कोटा और विक्की पिता मंजूर उम्र 20 वर्ष, निवासी पाली को गिरफ्तार किया है।

आरोपी शेवी खान उर्फ अमन पिता मखदूम को साथियो द्वारा जिला कोटा राजस्थान से हत्या के प्रयास मामले में फरार होना भी बताया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

## रोजगार मेले में 30 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने लिया भाग

**सीहोर।** सोमवार को को मंथन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन अमलाहा सीहोर के प्रांगण में एक राज्य स्तरीय रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन आष्टा के विधायक गोपाल जी इंजीनियरिंग द्वारा किया गया। इस मेले में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की 30 कंपनियों ने भाग लिया। ये कंपनियाँ मुख्य रूप से बैंकिंग सेक्टर की एस.बी.आई. एक्सेस बैंक, आई.सी.आई.सी.आई., ए.यू इसी तरह मॉर्केटिंग कंपनियों/पेटिएम उत्कर्ष, आई.आई.एफ.सी., इक्वीटस तथा इंजीनियरिंग कंपनियाँ मदूररूम, प्रतीभा मिट्ट इंडीया, आइशर, रिलाइंस आदि ने भाग लिया। इस मेले लगभग 600 से अधिक युवाओं ने भाग लिया मंथन संस्थान द्वारा इस रोज़गार मेले का प्रचार-प्रसार ग्रामीण स्तर पर किया गया। इस रोज़गार मेले में लगभग 500 से अधिक युवाओं को रोज़गार मिलने की उम्मीद जताई गई। संस्था प्रमुख डॉ. रजत सक्सेना द्वारा बताया गया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का कौशल उन्नय कर उनको उचित रोज़गार दिलाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय गोपाल इंजीनियर द्वारा संस्था के प्रयासों किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उन्होंने यह भी कहा कि संस्था के प्रयासों को किसी न किसी स्तर पर सम्मानित भी किया जायेगा मुख्य अतिथि द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र में संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की।

इस रोज़गार मेले का समन्वयन वी.सी.सी. ग्रुप के सौजन्य द्वार उनके प्रतिभाशाली डायरेक्टर श्री अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। चयनित छात्रों को कंपनियों द्वारा नियुक्ति पत्र भी दिये गये। इस मेले के आयोजन से छात्रों में काफी हर्ष है तथा क्षेत्र के सम्मानियों द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के लिये हर्ष व्यक्त किया गया तथा आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से क्रियान्वयित किए जाएं।

## विश्व कैंसर दिवस पर 4 फरवरी को जिलेभर में लगेंगे कैंसर जांच शिविर

**सीहोर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 4 फरवरी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पतालों पर कॉमन कैंसर जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में 30 वर्ष 65 वर्ष आयु के नागरिकों की मुख, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसरों की जांच की जाएगी। जांच के बाद चिन्हांकित जटिल रोगियों को आवश्यकता अनुसार सर्जरी एवं रेडियोथेरेपी के लिए रेफर किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि वर्तमान में जिले में सामान्य सर्जरी की जाती हैं, पर भविष्य में जल्द ही कीमोथेरेपी की सुविधायें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इन शिविरों के आयोजित के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीएमएचओ ने बताया की एसआरएलएम, आईसीडीएस एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## इस वर्ष जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 38,011 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी 101 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि सीहोर जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 101 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें से 05 परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील की श्रेणी में हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में जिले के कुल 38,011 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 10वीं के 20,749 और 12वीं के 17,262 परीक्षार्थी शामिल हैं।

## ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल के मुआवजे की मांग





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कानड़ ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में नवीन बस स्टैंड से तहसील टप्पा में राज्यपाल के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार को कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी के तंवर के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन देते हुए बताया अल्प समय की वर्षा एवं ओलावृष्टि होने से कानड़ क्षेत्र के आसपास के 84 गांव में लगातार बारिश होने से किसानों की गेहूं चने एवं रबी की समस्त प्रकार की फसलों को नुकसान हुआ है। साथ ही किसानों को पूर्व में सोयाबीन फसल में भी पीला मोजक के कारण नुकसान हुआ था। वर्तमान में ओलावृष्टि और बिन मौसम की बारिश से किसानों की रबी की समस्त प्रकार की फसल को नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। जिस कारण किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। अगर किसानों के साथ ऐसा ही होता रहेगा तो जीवन यापन कठिन हो जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शासन से मांग की है कि किसानों को 15000 रुपए प्रति बीघा मान कर मुआवजा प्रदान करें। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मयंक पालीवाल सरपंच अवतार सिंह गुर्जर, विकास शर्मा, ओम प्रकाश पालीवाल महेश शर्मा, रमेश सूर्यवंशी, मोहनलाल आर्य, गोरी शंकर सूर्यवंशी शंभू नेता, नासिर मामू, शेरु मंसूरी, राधेश्याम, बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लंबित प्रकरणों का अधिकारी समन्वय बनाकर जल्द करें निराकरण

# टीएल बैठकः कलेक्टर बालागुरू के. सख्त, नेशनल हाईवे भू-अर्जन में देरी पर एसडीओ को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को टीएल बैठक हुई। उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों का समय सीमा के भीतर संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

टीएल बैठक के दौरान नेशनल हाईवे के लिए किए जा रहे भू-अर्जन कार्यों में हो रही देरी पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित एसडीओ को विलंब को लेकर फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रेलवे एवं नेशनल हाईवे जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनहित से जुड़ी हैं, ऐसे में भू-अर्जन और मुआवजा वितरण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



#### एक भी किसान को परेशानी न हो

उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मुआवजा राशि का भुगतान और कब्जा लेना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेताओं को देय राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए योजना के समापन की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि लंबित प्रकरणों की प्राथमिकता से समीक्षा कर पात्र किसानों को शीघ्र भुगतान किया जाए, ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो।

#### समन्वय से प्रकरणों का निराकरण करें

कलेक्टर ने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की प्रक्रिया तथा वन व्यवस्थापन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के समय पर पूर्ण होने से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुगम होंगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें तथा निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई पूरी करें। सभी विभागीय अधिकारियों से कहा गया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि विभागीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए स्वीकृत बजट का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं एवं कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कर वित्तीय प्रगति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से यह प्रयास करने को कहा कि किसी भी विभाग का बजट लैप्स न हो।

## खबर संक्षेप

### विहिप ने किया समरसता गोष्ठी का आयोजन

**देवास।** वर्तमान में हिंदू समाज का विखंडन करने के लिए कई हिंदू विरोधी शक्तियां विघटन में लगी है, जिस कारण हमारे ही धर्म बन्धुओं में आपस में भ्रम का निर्माण हो रहा है और आपसी दूरी बढ़ रही है। हमारे धर्म बंधु एक रहे और इस प्रकार से भ्रम निर्माण करने वाली देश व धर्म विरोधी ताकतों का सामना हमारी ही सज्जन शक्ति पूरे सामर्थ्य से करें। इस हेतु अपने नगर में विनायक राव देशपांडे विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय संगठन मंत्री महामंत्री के मार्गदर्शन में समरसता गोष्ठी के माध्यम से हुआ। जिसमें संत धरानंद सरस्वती, दंडी स्वामी राधा माधव गजानन आश्रम निवास नेमावर, अध्यक्षता विक्रम सिंह पवार ने की। साथ में मंच पर श्रीमान सिंह की बेंदिया, मुकेश सांगते, संजय जैन, मानसिंह चौहान राजेश शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला मंत्री संदीप चौबे ने रखी। जिसमें बताया गया की 45 समाज के जाति बिरादरी के प्रमुख लोगों को निमंत्रण दिया गया व 25 एसोसिएशन, आयोजन समितियां को व मठ,मंदिर के प्रमुख लोगों को आमंत्रण दिया गया। अध्यक्ष उद्बोधन में पवार ने भारत को नंबर वन की जगह विश्व गुरु बनाने का समय आ गया है। मंच संचालन नारायण शर्मा ने किया। इस इस अवसर पर प्रांत अधिकारी खगेंद्र भार्गव विनोद शर्मा, महेश गोठी, आरती जयसवाल, ज्योति प्रिया शर्मा ,जय जी बच्चानी ,दीपक जी मकवाना आदि उपस्थित थे। आभार विजय पंचाल ने माना।

### यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले बस चालकों पर पुलिस की कार्रवाई

# खतरनाक रेसिंग कर आमजन की जान खतरे में डालने वाले दो चालक गिरफ्तार

सवारी बैठाने के लिए उपनगरीय बस चालक सड़कों पर करते हैं रेसिंग। यातायात पुलिस ने दो बसें की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास






जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन कर आम नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध देवास पुलिस द्वारा सख़्त एवं प्रभावी कार्रवाई की गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई सूचना का त्वरित संज्ञान लेते हुए औद्योगिक क्षेत्र थाना एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने सड़क पर सरेआम रेसिंग कर रहे दो निजी बस चालकों को गिरफ्तार कर उनकी बसें जब्त की हैं।01जनवरी को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि रामनगर चौराहे से इंदौर की ओर जा रही दो निजी बसें—मार्बल बस (MP41 ZD 3381) एवं गुलशन बस (MP41 P 0588)—के चालक अधिक सवारियां बैठाने की होड़ में अत्यधिक तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक बसें चला रहे हैं। इस खतरनाक कृत्य से बस में सवार यात्रियों सहित सड़क पर चल रहे राहगीरों की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था।

पुलिस की त्वरित एवं संयुक्त कार्रवाई*पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) एच.एन. बाथम एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल नाकेबंदी कर दोनों बसों को रोका गया। गिरफ्तारी एवं वैधानिक कार्यवाहीयातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस द्वारा दोनों बसों को जप्त कर चालकों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार चालक 01.रफीक पिता शेख मुख्तयार, उम्र 48 वर्ष, निवासी—तोड़ी खेत, देवास02.शाहरुख पिता इकबाल पठान, उम्र 32 वर्ष, निवासी—पुष्पकुंज कॉलोनी, इटावा, देवासदोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 94/2026 अंतर्गतधारा 279 बीएनएस एवं 184, 132/177(1) मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेजने की वैधानिक कार्यवाही की गई है।

# अंडरब्रिज नहीं बना तो करेंगे रेल रोको आंदोलन

### अजीजखेड़ी के ग्रामीणों ने दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के ग्राम अजीजखेड़ी के ग्रामीणों ने रेलवे लाइन पर अंडरब्रिज की मांग को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराज़गी जताई है। मंगलवार को जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्या से अवगत कराते हुए जल्द समाधान की मांग की।ग्रामीणों के अनुसार देवास–मक्सी रेलवे लाइन ग्राम अजीजखेड़ी की आबादी के बीच से गुजरती है, जिससे गांव दो हिस्सों में बंट गया है।

रेलवे पटरी के दूसरी ओर लगभग 70–80 सर्वे नंबर की कृषि भूमि स्थित है, जहां पहुंचने का एकमात्र रास्ता एक पुराना पुल था, जो पिछले 10–11 वर्षों से बंद पड़ा है। पुल के नीचे गंदा पानी भरा रहने से आवागमन पूरी तरह बाधित है। किसानों का कहना है कि खेतों तक पहुंचने के लिए उन्हें अब 20 से 21 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इससे खेती करना मुश्किल हो गया है और कई किसान अपनी जमीन पर खेती तक नहीं कर पा रहे। मवेशियों के लिए भी कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। समस्या केवल खेती तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान घाट भी रेलवे लाइन के उस पार है, जिससे अंतिम संस्कार के समय भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं स्कूली बच्चों को रोजाना जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी पार करनी पड़ती है या फिर लंबा चक्कर लगाकर स्कूल जाना पड़ता है। ग्रामीणों का दावा है कि वे इस संबंध में दो बार रेलवे विभाग रतलाम जाकर आवेदन दे चुके हैं। इसके अलावा कलेक्टर, सांसद और विधायक को भी कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

नराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र अंडरब्रिज या सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था नहीं की गई तो वे 8 फरवरी 2026 को दोपहर 12:30 बजे मक्सी से देवास आने वाली ट्रेन को रोककर रेलवे ट्रैक पर शांतिपूर्ण धरना देंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर तत्काल समाधान निकालने की मांग की है। इस दौरान शैलेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बबूल सिंह, भेरू गिरी, तेजगिरी, जयसिंह, तूफान सिंह, लखन सिंह सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मानक स्तर का निर्माण नही: निगम ने उखाड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड 22 में कायाकल्प अभियान 2.0 के अन्तर्गत जवाहर नगर स्थित आनंद ऋषि नगर में डामर रोड के निर्माण को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी को प्राप्त शिकायत अनुसार गुणवत्ता की जांच के लिये कहा। ठेकेदार द्वारा किए गए सडक निर्माण की गुणवत्ता मे कमी पाई जाने तथा मानक स्तर पर कार्य नही होने पर उक्त डामर सड़क को जेसीबी के माध्यम से उखाड़ने की कार्यवाही की गई।निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य मानक स्तर पर हो एवं गुणवत्ता युक्त कार्य कराए जाने के निर्देश आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को दिए, जिसके अन्तर्गत कायाकल्प योजना 2.0 में आनंद ऋषि नगर में 20 लाख की लागत से हाल ही में की गई सडक निर्माण गुणवत्तायुक्त नही पाए जाने पर निगम जेसीबी के माध्यम से सडक निर्माण को उखाड देने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के अन्तर्गत ठेकेदार को उक्त डामर सडक स्वंय के व्यय पर पुनः निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया।निगम आयुक्त दलीप के निर्देशन में चल रहे निर्माण कार्य या किये जा चुके निर्माण कार्य की संधारण समयावधि में किये गये सडक निर्माण या निगम के अन्य निर्माण कार्यो में कमी पाई जाती है या सुधार कार्य होना है उन कार्यो को ठेकेदार के स्वयं के व्यय पर कार्य कराने के निर्देश आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को दिये। ठेकेदार द्वारा संधारण समयावधि के कार्यो में सुधार कार्य नही किया जाता है तो संबंधित ठेकेदारों की जमा अमानत राशि राजसात कर ब्लेक लिस्टेड करने की कार्यवाही भी की जावेगी। कार्यवाही के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा, निगम उपयंत्री भूमिका जैन व वार्डवासी उपस्थित रहे।

### सेनथॉम एकेडमी के अर्णव ने आर्यभट्ट गणित चैलेंज में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**देवास।** सेनथॉम एकेडमी, भोपाल रोड की कक्षा आठवीं के छात्र अर्णव मंडलोई ने आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2025 में भोपाल क्षेत्र के टॉप 100 छात्रों में स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता छात्रों में गणितीय सोच और समस्या-समाधान कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीबीएसई द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें क्षेत्र के अनेक स्कूलों ने भाग लिया।अर्णव की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, विश्लेषणात्मक क्षमता और गणित के प्रति उत्साह को दर्शाती है। स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षक गणों ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और आशा जताई कि यह अन्य छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

### जीता खोखो और नेटबॉल में सिल्वर मेडल

**देवास।** नारायण क्रीड़ा मंडल के कोच प्रवीण सांगते ने बताया कि जबलपुर में आयोजित राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगित स्कूल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया 19 वर्ग बालक में मोहित ठाकुर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया और नांदेड़ महाराष्ट्रा में आयोजित राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता जो कि 28 से 31 जनवरी तक हुई जिसमे अनमोल कारपेंटर ने मध्य प्रदेश टीम से खेल कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इन दोनों खिलाड़ियो को नारायण क्रीड़ा मंडल के राधे श्याम सोलंकी, प्रवीण सांगते, सुदेश सांगते, जय सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह सिसोदिया, हरजीत जुनेजा, भरत वर्मा, राजेश यादव, राय सिंह सेंधव, शमिक देसाई, जय कुमार, यूनुस ख़ान, गजेंद्र ठाकुर, एवं खिलाडियों ने बधाई दी।

# ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड: पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" अभियान के तहत देवास पुलिस द्वारा भरण-पोषण संबंधी वारंटों की तामीली को प्राथमिकता दी जा रही है। अभियान का उद्देश्य भरण-पोषण राशि का भुगतान न करने वाले आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में जिलेभर में विशेष टीमें सक्रिय हैं।इसी क्रम में थाना हाटपीपल्या पुलिस चौकी नेवरी ने न्यायालय बागली के प्रकरण MJCR/0000354/2025, धारा 125(3) दंड प्रक्रिया संहिता के आरोपी भीमसिंह पिता उकारसिंह (उम्र 34 वर्ष), निवासी ग्राम खोया जागीर, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास को गिरफ्तार किया। आरोपी लगभग एक माह से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी दीपक सिंह यादव और चौकी प्रभारी हर्ष चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने 03 फरवरी 2026 को आरोपी को देवास जिले से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने ई-लाइब्रेरी, ई-फाइलिंग का किया उद्घघाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने जिला अभिभाषक संघ देवास के कक्ष में ई-फाइलिंग एवं ई- लाइब्रेरी का उद्घघाटन कर मध्यस्थता योजना के बारे में जैसे वाणिज्यिक मध्यस्थता, प्री-लिटीगेशन मध्यस्थता, सामुदायिक मध्यस्थता के बारे में एवं उसकी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उसके लाभों के बारे में बताकर उपस्थित अधिवक्ताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय जितेंद्र सिंह कुशवाहा, विकास शर्मा विशेष न्यायाधीश, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अभिषेक गौड़, पंचम जिला न्यायाधीश, राजेंद्र कुमार पाटीदार, तृतीय जिला न्यायाधीश, उत्तम कुमार डार्बी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह बेहरावत, चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीलेन्द्र कुमार तिवारी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, प्रियांशु पांडेय वरिष्ठ खंड, निकिता वार्ष्णेय पांडेय वरिष्ठ खंड, दीक्षा मौर्य व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रश्मि अभिजीत मरावी कनिष्ठ खंड, सौरभ जैन व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, किरण सिंह व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, चंद्रा पवार व्यवहार न्यायाधीश,कनिष्ठ खंड, सहित जिला अभिभाषक संघ देवास के अध्यक्ष अशोक वर्मा, उपाध्यक्ष गीता शर्मा, उपाध्यक्ष पंकज पंड्या, सचिव अतुल पंड्या जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारी गण सहित समस्त अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

# अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने सोमवार को निगम अधिकारियों के साथ समयावधि पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, विद्युत खपत, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सीवरेज वसूली, अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर कड़े निर्देश दिए गए।

#### बिजली दक्षता, नलकूप संचालन पर फोकस

आयुक्त ने एल.टी. एवं एच.टी. कनेक्शन तथा पावर प्लांटों की कार्यक्षमता की जानकारी ली। उपयंत्रियों को कम से कम 65% दक्षता बनाए रखने और सुधार करने के निर्देश दिए गए। गार्डनों व सार्वजनिक स्थानों पर संचालित नलकूपों को आवश्यकता अनुसार चलाने, बिजली खपत कम करने तथा बार-बार संचालित हो रहे बोरिंग स्थलों पर पानी की टंकियां स्थापित करने के प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा गया। पिछले महीनों के विद्युत बिलों की भी समीक्षा की गई।

#### निर्माण कार्यों में लापरवाही पर सख्ती

सड़क निर्माण, डामरीकरण और सीसी रोड कार्यों में उपयंत्रियों को मौके पर उपस्थित रहकर काम कराने के निर्देश दिए गए। गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबंधित ठेकेदार/फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई प्रस्तावित करने को कहा गया। क्षतिग्रस्त सड़कों पर सुधार कार्य अनिवार्य रूप से कराने पर आयोजित हुई बैठक में जोर दिया गया।

#### मॉल व कॉम्प्लेक्स की पार्किंग जांच

मुख्य मार्गों व एबी रोड स्थित मल्टी, मॉल और कॉम्प्लेक्स की पार्किंग जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर वार्ड उपयंत्रियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिन स्थानों पर पार्किंग क्षेत्र में दुकानें संचालित हैं, उन्हें अंतिम नोटिस देकर समयावधि के बाद सीलिंग कार्रवाई करने को कहा गया।

#### वसूली में ढिलाई पर नाराज़गी

जिन वार्डों में नागरिकों ने सीवरेज कनेक्शन तो ले लिए हैं लेकिन शुल्क जमा नहीं कराया, वहां 7 दिन में लक्ष्य अनुसार वसूली करने के निर्देश दिए गए। लापरवाही पर स्वच्छता निरीक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित होगी।

#### अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई

2016 के बाद अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश प्र. सहायक यंत्री मुशाहिद हनफी को दिए गए।

#### मुख्य मार्गों से हटेंगे ठेले

एबी रोड और मुख्य सड़कों पर फल-फ्रूट, सब्जी व अन्य सामग्री के ठेलों से हो रहे यातायात अवरोध को देखते हुए आयुक्त ने इन्हें गंगानगर स्थित शारदा माता मंदिर के पीछे निगम की खाली भूमि पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अवहेलना पर सीधे कार्रवाई की जाएगी और सभी विभागों को लक्ष्य आधारित कार्य प्रणाली अपनानी होगी।

### नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्षों का वार्ड 1 में हुआ स्वागत



**देवास।** वार्ड क्रमांक 1 जेतपुरा में मदन सिंह धाकड़ मित्र मंडल द्वारा करणी सेना के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौड़ तथा अखिल भारतीय बलाई समाज के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह राणा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल एवं पूर्व महापौर सुभाष शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्षों को पुष्पमालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों और समाजजनों में उत्साह का माहौल देखा गया। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से अजय अग्रवाल, विद्युत मालाकार, विकास गिरी, हेमंत शर्मा, संतोष पंचोली, राजदीप धाकड़, भगवान चौधरी, जिम ट्रेनर रोहित सोनी, स्पर्श सक्सेना, कान्हा धाकड़, नवीन नाहर, कमल आहूजा, राजकुमार धाकड़, कुलदीप धाकड़, गब्बर धाकड़, शाकीर शेख सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मदन सिंह धाकड़ ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

### सीएससी केंद्र पर कराएं आधार से संबंधित समस्याओं का समाधान

**ललितपुर।** इलेक्ट्रानिकी एवम सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की अधिकृत संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. द्वारा जनपद स्तर पर नई तहसील परिसर में सदनशाह रोड सिविल लाइन ललितपुर स्थापित आधार सेवा केन्द्र के माध्यम से आप बच्चो के नए आधार बनवाने के अलावा अपने आधार में बायोमेट्रिक अपडेट, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अपडेट इत्यादि करा सकते है। यह आधार सेवा केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुलता है। नए आधार निशुल्क बनाने के साथ साथ डेमोग्राफिक और वायोमेट्रिक अपडेट का भी शुल्क द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही लिया जाता है द्व इस प्रकार इस आधार सेवा केंद्र के माध्यम से लोग अपनी आधार से संबंधित समस्याओं के समाधान सुविधा जनक तरीके से करा सकते है।

### जाखलौन ग्राम पंचायत में 32 निराश्रित गोवंश सुरक्षित स्थान पर भेजे

**बिरधा (ललितपुर)।** विकास खण्ड बिरधा की ग्राम पंचायत जाखलौन क्षेत्र में मुख्य सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंशों को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा कार्रवाई की गई है। सड़क दुर्घटनाओं तथा जन-धन की संभावित हानि से बचाव के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कार्यालय जाखलौन द्वारा पूर्व में गो-पालकों को अपने पशु सुरक्षित रखने हेतु मुनादी एवं नोटिस के माध्यम से जागरूक किया गया था। इसके बावजूद सड़कों पर निराश्रित गोवंश पाए जाने पर पंचायत स्तर पर कार्रवाई करते हुए कुल -32 गोवंशों को पकड़कर निकटतम जीरौन गो-आश्रय स्थल में सुरक्षित रूप से संरक्षित कराया गया है। यह कदम आमजन की सुरक्षा तथा पशुओं के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उठाया गया। ग्राम पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इसके उपरांत यदि किसी निजी गो-पालक द्वारा अपने गोवंश को खुला छोड़ा जाता है और उससे किसी प्रकार की जनहानि होती है, तो उसकी -पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित गो-पालक की होगी। ग्राम पंचायत की इस पहल से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और पशु संरक्षण को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 38,011 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी 101 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि सीहोर जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 101 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

### रोजगार मेले में 30 कंपनियों ने लिया भाग

**सीहोर।** सोमवार को को मंथन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन अमलाहा सीहोर के प्रांगण में एक राज्य स्तरीय रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन आष्टा के विधायक गोपाल जी इंजीनियरिंग द्वारा किया गया। इस मेले में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की 30 कंपनियों ने भाग लिया। ये कंपनियाँ मुख्य रूप से बैंकिंग सेक्टर की एस.बी.आई. एक्सेस बैंक आदि ने प्लेसमेंट दिया।

---

जिला प्रशासन से कई शिकायत की परिणाम जीरो होने की दशा में

# जनपद में शराब से बर्बाद हो रहे कई परिवार की महिलाएं सड़कों पर आईं

## देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान में महिलाओं ने घुसकर शराब की पेटियां फेंकी सड़क पर

■ अनियंत्रित भीड़ ने किया प्रदर्शन, शराब की दुकानें हटाई जाय





घण्टाघर पर भी जीरोंन गांव की महिलाओं ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

थाना महरौनी की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खितवांस में लंबे समय से चल रहा देशी और अंग्रेजी शराब के खिलाफ विरोध ने आज उग्र रूप ले लिया। खितवांस और आस पास के ग्रामीण अंचलों से आई महिलाओं और पुरुषों ने देशी शराब की दुकान का ताला तोड़ा और फिर दुकान में रखीं करीब आधा सैकड़ा से अधिक शराब की पेटियों को ललितपुर - महरौनी मुख्य मार्ग पर फेंक कर नष्ट कर दीं। काफी देर हंगामे के बाद महरौनी, खितवांस और मुख्यालय से भी भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया, समाचार लिखे जाने तक उग्र लोगों ने खितवांस की अंग्रेजी शराब की दुकान पर भी प्रदर्शन शुरू हो गया था।

गौरतलब है कि ग्रामीण अंचलों में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानें बहुतायत संख्या में खोली गयी हैं। यह दुकाने या तो घनी आबादी के बीच, गांव के समीप और स्कूलों के पास खोल दिया गया है। इनमें मानकों की अनदेखी किये जाने का बड़ा आरोप पूर्व से भी लगता रहा है। शराब की दुकानों पर नशे के शौकीन लोगों का जमघट लगा रहता है गांव में अशांति का माहौल खराब रहता है। आये दिन महिलाओं को होने वाली समस्याओं, बच्चों, बुजुर्गों व बालिकाओं से जुडी समस्याओं को लेकर कई ग्रामीण अंचलों में लोगों ने खासकर महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुये दुकानों को तत्काल बंद करने या फिर अन्यत्र स्थानान्तरित करने की मांग उठायी जा रही है, जिससे कि गांव में किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो। महिलाओं ने कई ग्रामीण अंचलों की समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पहुंच कर आलाधिकारियों को ज्ञापन दिये, शिकायतें की। लेकिन कार्यवाही न होने से क्षुब्ध महिलाओं के सब्र का बांध आज टूट गया, जिसके चलते महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खितवांस में महिलाओं -पुरुषों की भारी भीड़ ने देशी शराब की दुकान का ताला तोड़ा और अंदर रखी शराब की पेटियों को उठाकर बीच सड़क पर डालकर शराब नष्ट कर दीं। वहीं अंग्रेजी शराब की दुकान में भी रखी शराब को सड़क पर फेंकते हुये नष्ट कर दिया गया। उग्र होते प्रदर्शन को देख महरौनी कोतवाली समेत मुख्यालय से पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास किया।

**इनका कहना है**

*खितवांस में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान पर लोगों ने प्रदर्शन किया है। मामले की सूचना मिलने पर तत्काल थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर मामले को शान्त कराया गया। प्रकरण में वादी की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया जा रहा है। जिसके अनुसार वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। मौके पर शान्ति व कानून व्यवस्था बनी हुयी है।*

**रक्षपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी महरौनी**

### शहर के बीचों बीच मुख्यालय स्थित घंटाघर पर पुलिस चौकी सीओ कार्यालय स्थित है

*थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम जीरोंन में रहने वाली महिलाओं ने जाम लगाकर भारी प्रदर्शन किया। मौके पर कोतवाली से पहुंचे निरीक्षक व उप निरीक्षक के अलावा सदर चौकी इंचार्ज प्रशान्त राणा ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाया और कड़ी मशक्कत कर जाम खुलवाया। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब की बिक्री हो रही है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है, जिससे महिलाओं, बालिकाओं को आने-जाने में भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। वहीं बच्चों को विद्यालय जाने में भी असुविधा होती है। महिलाओं ने उक्त दुकान को बंद कर अन्यत्र स्थानान्तरित करने की मांग उठायी। ललितपुर जनपद में शराब कच्ची शराब उद्योग बनकर उभर कर सामने आ रही है शहर के चारों तरफ कच्ची शराब के स्टॉल बने हुए हैं जहां पर खुलेआम कच्ची शराब बेची जा रही है पुलिस की नाक के नीचे बिक रही शराब पर आज तक कोई भी कानूनी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई जैसे शराब माफियाओं के हौसले बुलंद है कोई भी गांव जनपद का अछूता नहीं है जहां पर कच्ची शराब की भर्तियां नहीं उतरती हूं आबकारी और पुलिस विभाग सब कुछ जानने के बावजूद भी नजरअंदाज करने का कारण ही ग्रामीण महिला और पुरुषों का आक्रोश अब सामने आ रहा है।*

---

डीएम-एसपी को शिकायती पत्र

## जमीन का बैनामा होने के बाद शेष रकम न देने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

थाना मड़ावरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सौंरई में रहने वाले जुगमन पुत्र भूरा ने डीएम-एसपी को एक शिकायती पत्र दिया। बताया कि उसने रुपयों की आवश्यकता होने पर अपनी आराजी नं. 55 मी रकवा 0.121 व आराजी नं. 53 मी. रकवा 0.110 कुल किता 2 रकवा 0.231 हे. संयुक्त खाते की जमीन जो कि उसके व पत्नी के नाम थी को मड़ावरा निवासी कुछ लोगों को रजिस्टर्ड बैनामा के जरिए 9 लाख रुपये में बेचने का सौदा हुआ था।

पीड़ित ने बताया कि खरीददार ने उसे बैनामा करते समय 6 लाख रुपये चैक से दिया था एवं 3 लाख रुपये लिखित स्टाम्प लिखकर दिया था। आरोप है कि बैनामा करने के बाद उसने शेष 3 लाख रुपये मांगे तो उक्त लोगों ने उसे घर बुलाकर उक्त स्टाम्प ले लिया और रुपये देने में हीला-हवाली करने लगे। जब उसने रुपये देने की बात बार-बार कही तो उक्त लोगोंने उसे हड़काते हुये भगा दिया। आरोप है कि 26 जनवरी को वह उक्त व्यक्ति के घर रुपये मांगने पहुंचा तो उक्त लोगों ने मौके पर पुलिस बुलाकर प्रताड़ित कराया। यह भी आरोप है कि 1 फरवरी को जब वह अपनी पत्नी के साथ उक्त खेत पर गया तो उक्त लोगों ने रुपये मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया। पीड़ित ने डीएम-एसपी से मामले में जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## लिप्टिस का पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** कल्याणपुरा गांव के मजरा ढंगा में रहने वाले दयाराम पुत्र मानसिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके घर के पास लिप्टिस का पेड़ लगाहुआ है। 31 जनवरी को 10 बजे गांव के वीरेन्द्र पुत्र हीरालाल, रामसिंह व सुनील पुत्रगण वीरन उक्त पेड़ को काटने लगे, जब उसने पेड़ काटने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां दीं और मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर बचाने आयी पत्नी रामदेवी बचाने आयी तो उक्त रामसिंह की पत्नी विनीता भी मौके पर आ पहुंची, जिसने पत्नी के सिर में पत्थर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। ससुर जब बचाने आये तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

---

आशा कार्यकर्ता की तहरीर पर एफआईआर

## पति पर लगाया मारपीट कर चेहरा जलाए जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

महरौनी के ग्राम सैदपुर में रहने वाली मालती कुशवाहा पत्नी एकपाल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी को 12 वर्ष हो गये हैं और वह आशा पद पर भी तैनात है। आरोप है कि उसके पति एकपाल पुत्र स्व.मुलायम द्वारा विगत कई वर्षों से कभी-कभी उसे परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि उसका पति शराब का सेवन कर उसे गालियां देते हुये मारपीट करता है। पति पर महिला ने कई गंभीर आरोप लगाये हैं। बताया कि 31 जनवरी की सुबह 5 बजे उसके साथ मारपीट करते हुये उसे आग से जलाया गया, जिससे उसका चेहरा जल गया। पीड़िता ने बताया कि उसके दो पुत्री व एक पुत्र है। इसके अलावा महिला ने अपने जेठ ईश्वर, देवर राघवेन्द्र पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ व देवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 118 (1), 352, 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।-

### दुकान पर महिला से मारपीट घर जाते समय भी पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं. 11 मोहल्ला सरफयाना में रहने वाली आशा लक्ष्यकार पत्नी सुरेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि एक फरवरी को पड़ौस में रहने वाले रजनीश पुत्र महेश लक्ष्यकार व अमन लक्ष्यकार पुत्र रजनीश उसकी दुकान पर गालियां देते हुये आये और उसके साथ मारपीट करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। रात करीब 9 बजे जब वह अपनी दुकान से घर जा रही थी, तभी रास्ते में घर के पास रजनीश लक्ष्यकार व अमन लक्ष्यकार ने एकराय होकर उसके घर के पास आकर गालियां दीं और डण्डा उठाकर उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आयीं हैं। पीड़िता ने बताया कि शोरगुल सुनकर उसका पुत्र घर से निकला तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। महिला ने अपनी व अपने परिवार की जानमाल को खतरा बताया है। यह भी आरोप है कि इस हमले के दौरान उसके पुत्र अमन के गले से एक सोने की चैन भी गिर गयी, काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुरानी रंजिश के चलते फर्जी बदनाम करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम नुनावली में रहने वाले सुरेन्द्र सिंह पुत्र धर्मसिंह ठाकुर ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गांव में उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते गांव के अभिषेक पुत्र भगत सिंह ठाकुर व अनुज पुत्र हनुमत सिंह ठाकुर अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे बदनाम कर रहे है। आरोप है कि गांव में ही दीवारों पर पर्चे आदि चस्पा कर उसे फर्जी बदनाम कर अफवाह फैलायी जा रही है। आरोप है कि पूर्व में अनुज के पिता हनुमत सिंह पर उसके भाई ने मुकद्दमा दर्ज कराया था, जिस पर हनुमत सिंह को सजा हुयी थी, इसी के चलते उक्त लोग रंजिश रखते हैं। विरोध करने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि सोशल मीडिया के माध्यम से भी झूठी अफवाह फैलायी जा रही है और उसे व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) व 351 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### प्लॉट देखने गए युवक पर हमला, महिला ने तोड़ा फोन

**ललितपुर।** नई बस्ती जाखलौन रोड में रहने वाले सुमित कुमार तिवारी पुत्र राकेश कुमार ने थाना पाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका एक प्लाट बस स्टेण्ड रोड के पास ग्राम बंगरिया में है, जिसे लेकर उसका पड़ौसियों से विवाद चल रहा है। बताया कि 30 जनवरी को अपराह्न करीब 3.40 बजे वह अपने प्लाट को देखने गया हुआ था, जहां प्लाट के सामने संतोष पुत्र हल्काई कुशवाहा, काशीराम पुत्र मनके कुशवाहा, चरण पुत्र मनके कुशवाहा एवं सुषमा पत्नी काशीराम कुशवाहा एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि सुषमा ने उसका मोबाइल फोन तोड़कर फेंक दिया। वह किसी प्रकार अपनी जान बचाकर मौके से भाग कर घर पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (2), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जखौरा थाना पुलिस ने पकड़े तीन वारंटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह, सीओ सदर सुनील भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण मे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना जखौरा पुलिस ने ग्राम गुरसौरा निवासी जगदीश व पुष्पेन्द्र लोधी पुत्रगण हल्के लोधी एवं सीताराम पुत्र जाहर सिंह को धारा 323, 504, 506 आईपीसी में हिरासत में लिया है। वांछितों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस, उ.नि.राय सिंह, हे.का.अरविन्द कुमार, का.उदय प्रताप सिंह, हे.का.चा.राम प्रकाश शामिल रहे।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख़्त कार्रवाई

## अहिरवार समाज ने असामाजिक गतिविधियों पर लगाई रोक

**ललितपुर।** अहिरवार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 2 फरवरी 2026 को सम्पन्न हुई, जिसमें समाज की एकता, अनुशासन एवं सामाजिक मर्यादा बनाए रखने को लेकर अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि समाज के नाम पर किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों, विवाद, मारपीट, गाली-गलौज, अवैध कार्यों एवं सामाजिक मर्यादा के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति समाज का नाम लेकर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है अथवा समाज की छवि धूमिल करने का प्रयास करता है, तो ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध पाँच हजार रुपये का सामाजिक दंड लगाया जाएगा तथा उसे समाज से बहिष्कृत भी किया जा सकता है। समाज के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति का किसी अन्य व्यक्ति से व्यक्तिगत विवाद है, तो उसे समाज के नाम पर न जोड़ते हुए कानूनी एवं शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकाला जाए। समाज किसी भी प्रकार की हिंसा, दबंगई या गैरकानूनी गतिविधियों का समर्थन नहीं करेगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को पहले चेतावनी दी जाएगी, इसके बाद भी सुधार न होने पर कठोर सामाजिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। समाज का उद्देश्य आपसी भाईचारा, सम्मान और सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करना है। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में समाज हित में लिए गए निर्णयों का सभी ने समर्थन किया।

### छेड़खानी के दो अभियुक्तों को एक - एक वर्ष का कारावास

**ललितपुर।** डीजीपी लखनऊ के निर्देशन, एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक द्वारा जिले में चिह्नित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने के लिए प्रभावी पैरवी करने का प्रत्येक थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में महरौनी के ग्राम करौंदा निवासी शोभा पुत्र खुमान अहिरवार व मूसा पुत्र याकूब के खिलाफ दर्ज एफआईआर धारा 452 व 354 आईपीसी के तहत डेडीकेटिड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्य परख साक्ष्यों के आधार पर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना सम्पादित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। एसपी के निर्देशन में प्रभावी निरंतर पैरवी होने से महरौनी पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष द्वारा अथक प्रयास व प्रभावी पैरवी करते हुये 3 फरवरी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी ने दोनों को दोषी पाते हुये एक-एक वर्ष के कारावास व 4-4 हजार रुपये की धनराशि से दण्डित किया है।

---

## इंदौर-भोपाल हाईवे पर सनसनी, साइड देने के विवाद में राजस्थान के युवकों ने मारी गोली

### पुलिस ने महज 2 घंटे में आरोपियों को जंगल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



आष्टा थाना अंतर्गत इंदौर-भोपाल हाईवे पर कचनारिया जोड़ के पास मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। वाहन ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद में राजस्थान के तीन युवकों ने एक स्थानीय युवक पर पिस्टल से गोली चला दी। गोली युवक के पैर में लगी है, जिसे गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमनरी निवासी सचिन कुमार पिता मोरसिंह मेवाड़ा का हाईवे पर कार सवार युवकों से साइड देने को लेकर विवाद हो गया था। बात इतनी बड़ी कि राजस्थान के कोटा निवासी तीन युवकों ने सचिन को डराने के उद्देश्य से अपनी 32 बोर की पिस्टल निकाल ली और फायरिंग कर दी। गोली सीधे सचिन के पैर में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए।

इधर जानकारी मिलते ही प्रभारी एसडीओपी आष्टा प्रवीण चढ़ोकर एवं थाना प्रभारी आष्टा गिरिश दुबे पुलिस बल के साथ शासकीय अस्पताल आष्टा पहुंचे, जहां घायल से जानकारी प्राप्त कर तत्काल मौके पर रवाना हुए। मुखबिर की सूचना पर वाहन उमरसिंघाई गांव में खड़ा पाया गया। तत्पश्चात पुलिस की दो टीमों द्वारा बेदाखेड़ी जंगल क्षेत्र में सर्च कर, तीनों आरोपियों को पकड़ा गया।

उप्र राज्य महिला आयोग सुनेंगी महिलाओं की व्यथा

## आज महिला उत्पीड़न रोकथाम व पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने महिला जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ति महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता आज सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस मे मा0 सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल के द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ति महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/ महिला जनसुनवाई/ निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में माननीय सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से अपील की है कि जनसुनवाई में अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के साथ, मोबाइल नं0, अपना आईडी प्रूव जैसे आधारकार्ड आदि की छायाप्रति अवश्य लेकर आयें।



### जनहितैषी कार्यों से होगा आम जनता को लाभ

# ब्यावरा विधानसभा में 2.92 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत भीलवाड़िया, पुनरखेड़ी, रलायती एवं बरखेड़ी में लगभग 2 करोड़ 92 लाख की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, पुलिया निर्माण, भीलवाड़िया स्कूल में बालिकाओं के लिए शौचालय, स्टॉप डैम, चेक डैम तथा सीसी रोड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएं ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर सिद्ध होंगी।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आज भारत विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री विश्व के सबसे लोकप्रिय जननेताओं में से एक हैं और उनके मार्गदर्शन में देश विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से प्रगति पर हैं। सड़क, भवन, पेयजल, बिजली और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं समय पर मिल सकें और ग्रामीण जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो। मंत्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार विकास के हर क्षेत्र में ठोस, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी कार्य कर रही है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर बनें।

#### मंत्री पंवार ने केंद्रीय बजट को बताया ऐतिहासिक

इस दौरान मंत्री पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 की प्रशंसा करते हुए इसके लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट "अर्थ से सामर्थ्य तक, अंत्योदय से अभ्युदय तक और साधन से समाधान तक" की एक स्वर्णिम यात्रा है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह बजट अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के तहत घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन, ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने, आयात पर निर्भरता कम करने, रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, लोगों की क्रय शक्ति मजबूत करने तथा शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए अहम प्रावधान किए गए हैं। यह बजट देश और प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को नई गति देगा।

#### संत रविदास को किया नमन

कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्री पंवार ने ग्राम पनाली में संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की जयंती के पावन अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पमाल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज का जीवन और दर्शन समता, सेवा, करुणा और सामाजिक समरसता के महान मूल्यों से प्रेरित रहा है। उनके द्वारा दिया गया मानवता और समानता का संदेश आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जसवंत गुर्जर, रामनारायण दांगी, मान सिंह, राधेश्याम यादव, श्री राधे दांगी, दिनेश शिवहरे, कमल पंवार, अशोक जाट, तहसीलदार सुभाष अलावे, एसडीओ प्रवीण भील सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### भ्रमित होकर पता पूछते रहते हैं मरीज और परिजन

# जहां टीबी वार्ड वहां लगा है आईसीयू वार्ड का बोर्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में करोड़ों की मशीनों से मरीजों की जांच, उपचार सहित अन्य बड़े कार्यों पर तो प्रबंधन का ध्यान है, लेकिन कई छोटी-छोटी बुनियादी जरूरतों की तरफ से अधिकारी मुंह मोड़े हुए हैं। इन अनदेखियों का खामियाजा मरीजों, उनके परिजनों सहित अस्पताल आने वाले आमजनों का उठाना पड़ता है।

इसी तरह की अनदेखी पुराने अस्पताल परिसर के खजूर वाले वार्ड कैंपस में पूर्व में बने आईसीयू वार्ड में कई महीनों से नजर आ रही है। दरअसल, अब इस आईसीयू में टीबी के मरीजों को शिफ्ट कर दिया गया है। ऐसे में आईसीयू वार्ड के बोर्ड के स्थान पर टीबी वार्ड का बोर्ड लगवाया जाना चाहिए था लेकिन इस तरफ प्रबंधन द्वारा ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। इस लापरवाही के चलते टीबी के मरीजों के साथ ही टीबी के मरीजों से मिलने आने वाले लोग भी भ्रमित होकर यहां-वहां टीबी वार्ड का पता पूछते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है वार्ड के बोर्ड को बदलवाया जाए ताकि भ्रम की स्थिति ही पैदा न हो।

#### काऊकेचर भी हुआ खराब

अस्पताल परिसर में गायों, कुत्तों सहित अन्य आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने पुराने अस्पताल के एंटेस पर जाली वाला काऊकेचर लगवाया गया था। उक्त काऊकेचर भी अब पूरी तरह से खराब हो चुका है जिसके चलते परिसर में आवारा मवेशियों का प्रवेश नहीं रुक पा रहा है। अगर प्रबंधन इन बातों पर ध्यान दे तो काफी परेशानियों से बचा जा सकता है।

### जनसंघ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

**विदिशा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल स्मृति समिति विदिशा द्वारा जनसंघ के वरिष्ठ एवं सम्माननीय कार्यकर्ताओं का घर-घर जाकर गरिमामय सम्मान किया गया। इस अभियान का उद्देश्य संगठन निर्माण, वैचारिक संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। पूर्व विधायक राधारमण भार्गव सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

### लगा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

# महिला शक्ति सम्मान व वसंत उत्सव का आयोजन



**खुजनेर।** अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष महिला इकाई जिला राजगढ़ की जिला अध्यक्ष भावना शैलेन्द्र नागर के नेतृत्व में रविवार को मधुकुंज अकादमी, जीरापुर रोड खुजनेर में महिला शक्ति सम्मान एवं वसंत उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला इकाई कार्यकारिणी द्वारा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय धाकड़ महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्षा कृष्ण मंडलोई रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विभूति कृष्णकांत धाकड़ ने की।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सरिता पटेल, मोना सुस्तानी एवं कमला रोडमल नागर उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में गिरिजा नागर, भावना पटेल, मोनिका नागर, नीलम चौधरी, गरिमा नागर, पूजा नागर शामिल रहीं। सम्मेलन में राजगढ़ जिले की सभी तहसीलों से बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन एवं महिलाओं की आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण मंडलोई ने महिलाओं से संगठित होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विभूति कृष्णकांत धाकड़ ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष भावना शैलेन्द्र नागर ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षित करना ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे मजबूत माध्यम है। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का महिला शक्ति सम्मान के माध्यम से सम्मान किया गया। वसंत उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष रूप से आकर्षक बनाया। कार्यक्रम में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं नागरिकों ने नेत्र जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

# बिजली न मिलने से आक्रोशित किसानों ने हाईवे पर लगाया जाम, मांग पर अड़े

### एक घंटे अवरुद्ध रहा राजगढ़-ब्यावरा मार्ग



**राजगढ़।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए प्रतिदिन 10 घंटे बिजली प्रदाय किए जाने के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। प्रतिदिन 10 घंटे तो दूर एक घंटे बिजली भी कई ग्रामों में नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही घरेलू कनेक्शनों की बिजली तो कभी आती है और कभी दो-चार दिन नहीं आ पाती। इसी से आक्रोशित क्षेत्र के कई किसानों ने सोमवार दोपहर जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर राजगढ़-ब्यावरा के बीच जाम लगा दिया। गुस्साए किसान सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली देने की मांग पर अड़े हुए थे। किसानों सहित ग्रामीणों द्वारा लगाए गए इस जाम के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। किसानों की समस्या को देखते हुए पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर भी मौके पर पहुंचे और किसानों की मांगों को जायज ठहराया।

#### एक घंटे के जाम के बाद माने किसान

हाईवे पर लग रहे जाम की सूचना के बाद राजगढ़ एसडीओपी अरविंद दिवाकर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आक्रोशित किसानों को समझाते हुए जाम खुलवाने का प्रयास किया। इसके बाद भी किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। किसानों का कहना था कि हर बार आश्वासन देकर उन्हें लौटा दिया जाता है। बाद में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों एवं ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें आगे से नियमानुसार ही बिजली प्रदान की जाएगी। इसके बाद किसान माने और चक्काजाम खत्म किया।

### प्रशासनिक आदेशों की उड़ाई धज्जियां

# भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मेले में श्रद्धालुओं की आस्था का लाभ उठाते हुए पार्किंग के नाम पर खुलेआम मनमानी वसूली का मामला सामने आया है। प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार मेले में टू-व्हीलर वाहनों के लिए 10 रुपए तथा फोर-व्हीलर वाहनों के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क निर्धारित किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आई। मेले में तैनात स्थानीय पार्किंग ठेकेदारों द्वारा बाहर से आए श्रद्धालुओं से टू-व्हीलर वाहन के 50 रुपए और फोर-व्हीलर वाहन के 100 रुपए तक वसूले गए। निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि लिए जाने को लेकर पार्किंग स्थलों पर श्रद्धालुओं और पार्किंग कर्मियों के बीच हल्का-फुल्का विवाद भी हुआ श्रद्धालुओं का कहना है कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद अवैध रूप से अधिक राशि वसूली जाना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। मेले में दर्शन के लिए दूर-दराज से पहुंचे भक्तों के साथ इस तरह की लूट उनकी आस्था को ठेस पहुंचाने वाली है। प्रशासन की लापरवाही के चलते पार्किंग ठेकेदारों की मनमानी खुलकर सामने आई है। यदि समय रहते सख्त निगरानी और कार्रवाई नहीं की गई तो श्रद्धालुओं का भरोसा प्रशासनिक व्यवस्थाओं से उठ सकता है। अब जरूरत है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### राजकीय सम्मान के साथ 27वां देहदान

**विदिशा।** आज्ञाराम कॉलोनी गांधी नगर निवासी स्व. राजाराम पवार का देहदान रविवार को राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुआ। विकास पचौरी फाउंडेशन के देहदान जागरूकता मिशन अंतर्गत उनका पार्थिव शरीर अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने तिरंगा अर्पित कर पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वर्ष 2019 में स्व. पवार एवं उनकी पत्नी ने देहदान का संकल्प लिया था। मेडिकल कॉलेज में फाउंडेशन के सहयोग से किया 27वां देहदान है।

### सामाजिक सरोकार की मिसाल बना भरतगढ़ हनुमान मंदिर का नि:शुल्क कन्या विवाह



**नरसिंहगढ़।** नगर के प्राचीन भरतगढ़ हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित नि:शुल्क कन्या विवाह कार्यक्रम धार्मिक विधि-विधान एवं सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के तहत नगर में भव्य बारात निकाली गई, जिसका नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और मंगल गीतों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। समाजसेवियों, युवाओं एवं महिला मंडलों की सहभागिता से आयोजन ने सामाजिक एकता और सहयोग का संदेश दिया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों के अनुसार कन्या विवाह से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समिति द्वारा नि:शुल्क की गईं, जिससे जरूरतमंद परिवार को सम्मानपूर्वक वैवाहिक संस्कार संपन्न कराने में सहयोग मिला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान किया गया। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले दानदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज का शुभारंभ

# आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम : टेटवाल



**सारंगपुर।** खेल जीवन का अहम अंग है। खेलो से जीवन तंदुरुस्त रहता है वहीं खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का एवं प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। युवा को खेलने के लिए अच्छे एवं गुणवत्ता पूर्ण खेल सामग्री का होना आवश्यक है। इसी श्रंखला में श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज पर सभी प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध होने से नगर एवं आस पास के खिलाड़ियों को सुविधा होगी। यह बात दीपक शर्मा की श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज का शुभारम्भ करते हुए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कही।

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना महादेव मित्र मंडल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा। पर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सदानी। गोर्वधन प्रसाद सक्सेना राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सादानी। माली समाज के लीला अध्यक्ष संतोष पुष्पद नगर अध्यक्ष शिव काका डॉ हेमेंद्र सिंह सोलंकी नगर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी डॉ अंकित यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सेना से सेवानिवृत्त होकर गांव लौटे राकेश कुमार किया भव्य स्वागत



**खुजनेर।** भारतीय थल सेना में देश की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम चौंडापुरा लौटे सैनिक राकेश कुमार यादव का खुजनेर नगर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ढोल-धमाकों के साथ विशाल स्वागत जुलूस निकाला गया, जिसमें देशभक्ति गीतों और भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा जुलूस में हजारों की संख्या में ग्रामीण, युवा, पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर पुष्पवर्षा के साथ सैनिक का अभिनंदन किया। देशभक्ति संगीत और जोश से भरे माहौल ने इस अवसर को अविस्मरणीय बना दिया ग्रामीणों ने कहा कि राकेश कुमार यादव ने भारतीय सेना में रहकर न केवल अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी देशसेवा आने वाली पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि ग्राम चैंडापुरा से अनेक सैनिक वर्तमान में भी भारत माता की रक्षा में सेवा दे रहे हैं, जिससे गांव को विशेष पहचान मिली है सेवानिवृत्ति के उपरांत मिले इस स्नेह और सम्मान से राकेश कुमार यादव भावुक नजर आए। उन्होंने सभी ग्रामवासियों, युवाओं और नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश सेवा का अवसर उनके जीवन का सबसे बड़ा गौरव रहा है।

# आस्था और विश्वास का देखने को मिला संगम, लाखों श्रद्धालु हुए एकत्रित



**सारंगपुर।** पौराणिक परम्परा अनुसार सदियों से चली आ रही परम्परा अनुसार रविवार को पूर्णिमा के पावन अवसर पर मालवांचल के प्रसिद्ध देवी धाम माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में माता बिजासन की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। माता बिजासन के प्रति आस्था और विश्वास का भाव पालकी यात्रा में एक साथ देखने को मिला।

रात्रि आठ बजे के बाद शुभ मुहूर्त में विधिविधान के साथ सबसे पहले मंदिर में पालकी को सजाया गया उसके बाद माता बिजासन के दिव्य स्वरूप विग्रह को पालकी में पुजारी परिवार द्वारा विराजित किया गया इस पालकी यात्रा (डोली) निकालने की यह परम्परा सदियों से माताजी सेवक पण्डाजी परिवार द्वारा सम्पन्न की जाती है। भव्य आतिशबाजी ओर मंगलगान के पश्चात माता की डोली को राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल, पुजारी रामचंद्र नागर, कैलाश चंद्र, रामबाबू वीआईपी जनपद अध्यक्ष देवनारायण सहित तहसीलदार आकाश शर्म सहित अन्य के द्वारा उठाया गया। पहले विश्राम स्थल बड़ी गादी के समीप पालकी यात्रा करीब दो घंटे रुकी यह पर नायक मीना मौसी ब्यावरा के साथ आए सैकड़ों किन्नरों द्वारा माता के भजनों के साथ राई बधाई नृत्य गाकर अपनी ओर आकर्षित किया। पहले विश्राम स्थल पर ही हजारों भक्तों द्वारा माता की पालकी में विराजित माता के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए।

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए कई अहम निर्देश

# खिलचीपुर सीएमओ को सस्पेंड करने दिया नाटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभागीय योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए हर सोमवार आयोजित होने वाली टीएल बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा काफी तल्ख तेवर में नजर आए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दूषित पानी की जांच नहीं करने पर सीएमओ खिलचीपुर को निलम्बन का नोटिस देने एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर ब्यावरा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को भी नोटिस जारी किया गया।

टीएल बैठक में संकल्प से समाधान कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के कमजोर प्रदर्शन पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा के दौरान शिकायतों को बार-बार ट्रांसफर किए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। सड़क के अधिपत्य संबंधी जानकारी के लिए पीडब्ल्यूडी तलेन के अधिकारियों भी नोटिस प्रदान करने के निर्देश उन्होंने प्रदान किए। बैठक में सार्थक एप पर अटेंडेंस की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि डीईओ, डाइट एवं डीपीसी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए अन्यथा संबंधित का वेतन रोक दिया जाए। गत 25 दिनों से लॉगिन नहीं करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को नोटिस जारी कर एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए तथा ऐसे अधिकारियों के नाम चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए।

#### अवमानना प्रकरणों की भी हुई समीक्षा

टीएल बैठक में अवमानना प्रकरणों की समीक्षा की गई और लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान माइक्रो इरिगेशन सिस्टम में सुधार लाने तथा मृदा परीक्षण कार्यों की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दिए गए। इस अवसर पर जिपं सीईटो डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्ट प्रताप सिंह चैहान, एसडीएम निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरे सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### जब-जब धरती पर आसुरी शक्तियां बढ़ी भगवान के अवतार हुए : पं. नागर



**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम काशीखेड़ी में महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भागवत कथा वाचक पंडित सुरेश बिहारी नागर ने कृष्ण जन्म प्रसंग में बताया कि जब जब धरती पर आसुरी शक्तियों का अत्याचार बड़ा तब भगवान के अवतार हुए। कंस का अत्याचार इतना बढ़ गया था कि भगवान कृष्ण ने अवतार लिया और देवकी ने कृष्ण को जेल में जन्म दिया जिन्हें यशोदा नंद बाबा के यहां पहुंचा गया। कृष्ण का जन्म आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए हुआ। पंडित नागर ने भागवत कथा के माध्यम से कहा कि प्राणी मात्र से भी अनजाने में गलतियां हो जाती है जिसमें सूक्ष्म जीव मर जाते हैं।यह सब हमें जो नजर नहीं आते हैं एवं भुलवश होता है जिसमें पहली गलती झाड़ू लगाने से दुसरी गलती पडेरी के यहां रखें बर्तन, तीसरी गलती लकड़ी में बारिक जीव तथा चोथी गलती अनाज में सूक्ष्म जीव जब गृहणी अपने काम को करती है तो यह सूक्ष्म जीव हमें दिखते नहीं है ओर हमसे गलती होती है ओर यह जीव मरते हैं। इसलिए हमें प्रतिदिन देहली , पडेरी पर सायंकाल को दीपक लगाना चाहिए तथा दरवाजा पर आयें साधु संत को दान देना चाहिए , प्रतिदिन गाय एवं कुत्ते को रोटी दीजिए। जिससे गलती वश हुए हमारे अपराध ईश्वर माफ करेंगे।